ठीक से नहीं हो रहा नलकूप का संचालन

शमसाबाद। शेरवानी टोला मोहल्ले में सिकंदरपुर मार्ग पर जल जीवन मिशन के तहत निर्मित नलकूप का संचालन ठीक से नही हो रह है। इससे जलभराव की समस्या पैदा हो रही है। रात भर नलकूप के चलने से सड़कें और कब्रिस्तान जलमग्न हो गया। प्रतिनिधि नदीम फारुकी ने जल निगम के जेई को फोन कर नाराजगी जतायी। जेई का कहना है कि नेटवर्क की समस्या के कारण सेंसर काम करना बंद कर देते हैं जलभराव की स्थिति बन जाती है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़, फर्रुखाबाद–209601
Email ID- eeupinrfarrukhabad@gmail.com

पत्र संख्याः 6694 / कार्य-9 / 228 दिनांकः 14 / 10 / 2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

विषय–: दैनिक समाचार पत्र ''हिन्दुस्तान'' में दिनांक– 14.10.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक ''ठीक से नही हो रहा नलकूप का संचालन'' की आख्या के सम्बन्ध में।

महोदय,

उक्त के कम में अवगत कराना है कि विकास खण्ड– शमसाबाद के शेरवानी टोला मोहल्ले में स्थित नलकूप के संचालन सम्बन्धित प्रकाशित खबर के कम में अवगत कराना है कि उक्त प्रकरण नगर पंचायत शमसाबाद से सम्बन्धित है। अतः उक्त प्रकरण के समस्त कार्य नगर पंचायत शमसाबाद जनपद–फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने है। इस विभाग द्वारा उक्त प्रकरण पर कोई भी कार्यवाही अपेक्षित नही है। कृपया प्रकरण को निक्षेपित करना चाहें।

14/10/2026

(मो0 कासिम हाशमी)
अधिशासी अभियन्ता